

अफगानिस्तान से जुड़ीं भारत की उम्मीदें

# अफगानिस्तान कर सकता है उलटफेर हरा सकता है न्यूजीलैंड को

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत आगरकर को लगता है कि अफगानिस्तान में न्यूजीलैंड को हराने की क्षमता है। रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2021 के सुपर 12 मुकाबले में अबू धाबी में दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड का मुकाबला भारत के लिहाज से भी काफी अहम है। अगर न्यूजीलैंड यह मैच जीत जाता है तो भारत का टी20 वर्ल्ड कप 2021 में सफर समाप्त हो जाएगा। यानी सेमीफाइनल में पहुंचने की उसकी उम्मीदें खत्म हो जाएंगी। वहीं अगर अफगानिस्तान जीत जाता है और सोमवार को भारत नामीबिया को हरा देता है तो (भारत, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान) तीनों टीमें छह अंक पर टाई हो जाएंगी। और ऐसे में जिस टीम का रनरेट बेहतर होगा वह सेमीफाइनल में जगह बनाएगी। आगरकर से पूछा गया कि क्या अफगानिस्तान वाकई न्यूजीलैंड को हरा सकता है। इस पर आगरकर ने कहा बेशक। उन्होंने इसका कारण भी बताया। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के पास न्यूजीलैंड को हराने का एक मौका है। उनके पास प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और अच्छे बोलर्स हैं। मैच दोपहर में हो रहा है और ऐसे में उनके स्पिनर्स को भी विकेट से मदद मिलेगी। इसके साथ ही न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी भी बहुत मजबूत नजर नहीं आ रही है। बीते दो मैचों में उन्हें मुश्किल का सामना करना पड़ा है। तो अगर अफगानिस्तान ने अच्छी गेंदबाजी की तो वह न्यूजीलैंड को मुश्किल में डाल सकता है। अफगानिस्तान की नजरें अपने स्पिनर मुजीब-उर-रहमान की फिटनेस पर भी टिकी हैं। वह बीते दो मैचों में नहीं खेले हैं। मुजीब ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले मैच में 20 रन देकर पांच विकेट लिए थे। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 14 रन देकर एक विकेट अपने नाम किया था

# ये भारतीय बल्लेबाज विरोधी की तोड़ता है कमर

क्रिकेट

## पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम उल हक ने भारतीय टीम की तारीफ की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने आइसीसी टी20 विश्व कप के पहले दो मैच हारने के बाद जोरदार वापसी की है। शुक्रवार को टीम इंडिया ने स्काटलैंड को एकतरफा मैच में हराने के बाद अंक तालिका में बड़ा उलटफेर किया। भारत ने पिछले मैच में अफगानिस्तान को 66 रन से हराया था जबकि स्काटलैंड को 85 रन पर ढेर कर 6.3 ओवर में 2 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल किया। इस जीत के बाद वह नेट रन रेट में अफगानिस्तान से बेहतर स्थिति में है।

पूर्व पाकिस्तानी कप्तान इंजमाम उल हक ने भारतीय टीम की तारीफ की। उन्होंने अफगानिस्तान को हराने के बाद रोहित की पारी को जमकर सराहा। उनका कहना था, भारतीय टीम का चयन बहुत बेहतर रहा मैं ऐसा इस वजह से कह सकता हूं क्योंकि उन्होंने अश्विन को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया और रोहित को पारी की शुरुआत करने दिया। दूसरे मैच में उन्होंने रोहित को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतारा और यह बताता है कि आप अपने खिलाड़ियों को लेकर विश्वास नहीं रखते।



रोहित वनडे और टी20 क्रिकेट के एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अकेले दम पर मैच का रुख बदल देते हैं। जिस तरह की शुरुआत उन्होंने राशिद खान के खिलाफ दिलाई जो कि अफगानिस्तान के मुख्य खिलाड़ी हैं। उन्होंने यहीं तय कर दिया था कि अब लय टीम इंडिया को मिलने वाली है।

आगे इंजमाम बोले, उनका आक्रमण ऐसा है कि जो विरोधी टीम की कमर तोड़ देता है। जब उन्होंने राशिद खान को दो छक्के लगाए तो दूसरे गेंदबाजों के उपर भी इसक प्रभाव हुआ। यह है रोहित की असली क्लास। उनकी सबसे बड़ी बात यह है कि वह विरोधी टीम के सबसे अच्छे गेंदबाज के उपर आक्रमण करते हैं। वह उस मैच में कमाल ही खेले।

शमी जो पाकिस्तान के खिलाफ हुए मुकाबले के बाद दबाव में नजर आए उन्होंने भी अच्छा किया और तीन विकेट चटकाए। भारतीय टीम ने आखिरकार वैसा खेल दिखाया जिसके लिए उसे जाना जाता है।

# भारत पर आरोप लगा रहे पाकिस्तानी फैंस पर भड़के हरभजन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हरभजन सिंह हमेशा अपनी बात खुलकर कहने में यकीन रखते हैं। अब उन्होंने पाकिस्तान के उन फैंस पर निशाना साधा है जिन्होंने भारत और अफगानिस्तान मैच पर सवाल उठाए थे। भारत की अफगानिस्तान पर जीत के बाद सोशल मीडिया पर इसे फिक्स बताए जाने की साजिश चल पड़ी थी। दिग्गज ऑफ स्पिनर ने आरोप लगाया कि कुछ पाकिस्तानी फैंस सोशल मीडिया पर यह चलन चला रहे हैं कि भारत का अफगानिस्तान और स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच फिक्स था। उन्होंने विराट कोहली ऐंड कंपनी पर लग रहे इस तरह की आरोपों की कड़ी भर्त्सना की। हरभजन ने कहा कि भारतीय टीम ये मैच जीत सकती थी और बल्कि बड़े अंतर से जीत सकती थी।

### पाकिस्तानी फैंस जीत हजम नहीं कर पा रहे हैं

इस खिलाड़ी ने पाकिस्तानी टीम के शानदार खेल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि भारत के खिलाफ पाकिस्तानी टीम ने अच्छा खेल दिखाया और जीत हासिल की। हालांकि वह पाकिस्तानी फैंस द्वारा भारत की जीत पर सवाल उठाए जाने से काफी नाराज हैं।

हरभजन ने कहा, हम मानते हैं कि पाकिस्तान ने बहुत अच्छा क्रिकेट खेला। भारत के खिलाफ उनके खेल और जीत की हम सबने तारीफ की। उन्हें मुबारकबाद दी। लेकिन अगर आप यह कहकर बदतमीजी करना शुरू कर देंगे कि आप पाक-साफ क्रिकेट खेलते हैं और अगर हम जीतें तो उस पर सवाल उठाएं। यह सही नहीं है, मैच फिक्स है, तो यह गलत है। आप अपने क्रिकेटर्स की छवि के बारे में जानते हैं।

सिंह ने इशारा किया कि कैसे पाकिस्तान के कई क्रिकेटर्स की छवि पहले भी कई बार धूमिल हो चुकी है। मोहम्मद आमिर जैसे कई क्रिकेटर्स स्पॉट फिक्सिंग के दोषी पाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि पूर्व पेसर ने इतिहास में क्या किया है? उन्होंने कहा कि मेरी और शोएब (अख्तर) की जो बात हो रही थी हो रही थी। हमारा आपस में मजाक चल रहा था। हम ऐसा करते रहते हैं, उसमें यह आमिर बीच में कूद गया।

# 5 खिलाड़ी होंगे भविष्य के स्टार, सीनियर को बिठाकर इन्हें करें विश्व कप के लिए तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को आइसीसी टी20 विश्व कप के ठीक बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में खेलना है। इस सीरीज से पहले ही इसको लेकर चर्चा जोरों पर है। पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ बतौर मुख्य कोच टीम के साथ अपनी शुरुआत करेंगे। सीनियर खिलाड़ियों को टी20 सीरीज से आराम दिए जाने की बात की जा रही है। पूर्व भारतीय ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि युवाओं को सीनियर की जगह मौका दिया जाना चाहिए। सहवाग ने कहा, इशान किशन, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल और शायद अगले विश्व कप में रितुराज गायकवाड़ वहां हो सकते हैं और श्रेयस अय्यर भी। इन सभी खिलाड़ियों को तैयार किया जा सकता है और मौका दिया जाना चाहिए क्योंकि यही हमारे भविष्य हैं। इसी वजह से बाकी के सभी सीनियर खिलाड़ियों को ब्रेक दिया जाना चाहिए जिससे कि यह सभी खिलाड़ी टी20 सीरीज में खेल सकें जो घर पर होना है। इन सभी खिलाड़ियों को अनुभवी मिले और वह अगले विश्व कप के लिए खुद को तैयार कर पाएं।

## न्यूज डायरी



### कई स्टार खिलाड़ी देने वाले द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच तारक सिन्हा का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट को कई अंतरराष्ट्रीय और प्रथम श्रेणी क्रिकेटर देने वाले मशहूर कोच तारक सिन्हा का लंबी बीमारी के बाद यहां शनिवार की सुबह निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। सिन्हा अविवाहित थे और उनके परिवार में बहन और सैकड़ों छात्र हैं। देश के कई प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को तलाशने वाले सोनेट क्लब की स्थापना सिन्हा ने ही की थी। क्लब ने एक बयान में कहा, 'भारी मन से यह सूचना देनी है कि दो महीने से कैंसर से लड़ रहे सोनेट क्लब के संस्थापक श्री तारक सिन्हा का शनिवार को तड़के तीन बजे निधन हो गया।' अपने छात्रों के बीच 'उस्ताद जी' के नाम से मशहूर सिन्हा जमीनी स्तर के क्रिकेट कोच थे। पांच दशक में उन्होंने कोरी प्रतिभाओं को तलाशा और फिर उनके हुनर को निखारकर क्लब के जरिये खेलने के लिए मंच दिया। यही वजह है कि उनके नामी गिरामी छात्र (जो अपना नाम जाहिर नहीं करना चाहते) अंतिम समय तक उनकी कुशलक्षेम लेते रहे और जरूरी इंतजाम किए।

### रोहित शर्मा और विराट कोहली ने स्काटलैंड की पूरी टीम को दिया सरप्राइज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने आइसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। शुक्रवार को स्काटलैंड के खिलाफ मिली धमाकेदार जीत ने टीम इंडिया को अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचाय दिया। यह मैच एकतरफा ही रहा जहां पहले भारतीय गेंदबाजों ने स्काटलैंड की टीम को महज 85 रन पर ढेर किया फिर बल्लेबाजों ने 6.3 ओवर में जीत का लक्ष्य 2 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। अपने जन्मदिन 5 नवंबर को भारतीय कप्तान विराट कोहली मैच में खेलने उतरे और टीम ने उनको शानदार जीत का गिफ्ट दिया। भारतीय कप्तान विराट और उप कप्तान रोहित स्काटलैंड के साथ खेले गए मुकाबले के बाद उनके ड्रेसिंग रूम में पहुंचे। इस बुरी हार के बाद टीम को अच्छा महसूस कराने के लिए ही दोनों वहीं गए थे। सभी खिलाड़ियों के साथ दोनों ने अलग अलग वक्त बिताया।

### अभिनव बिंद्रा को अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति ने एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओलिंपिक में भारत के पहले व्यक्तिगत गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा को अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति ने एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। 2008 बीजिंग ओलिंपिक में 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता था। अब बिंद्रा को अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के संभावित नए सदस्यों की भर्ती और जांच करने वाले आयोग का हिस्सा बनाया गया है। समिति में से दो अधिकारियों के जाने के बाद बिंद्रा को इसमें शामिल किया गया है। 2004 के एथेंस ओलिंपिक हाई जंप चौंपियन स्वीडन के स्टीफन होल्म और साथ ही अमेरिका की ओलिंपिक आइस हॉकी स्वर्ण पदक विजेता एंजेला रग्गिएरो दोनों के पदमुक्त होने के बाद स्थान रिक्त हुआ। इन दोनों के स्थान पर कोस्टा रीका की पूर्व राष्ट्रपति लौरा चिंचिला और भारत के पहले व्यक्तिगत ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा को इस समिति में शामिल किया गया।

### पत्रकार के सवाल पर रवींद्र जडेजा का जवाब, बैग पैक करेंगे, घर जाएंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने आइसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें अब तक जिंदा रखी है। मैच खत्म होने के बाद टी20 करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन करने वाले जडेजा पत्रकारों के सवालों का जवाब देने पहुंचे। पत्रकार ने जडेजा से सेमीफाइनल में पहुंचने के भारत के समीकरण पर सवाल किया। उन्होंने पूछा क्या होगा अगर अफगानिस्तान की टीम न्यूजीलैंड को हरा ही नहीं पाई। जडेजा ने इस सवाल पर बड़े सहज भाव से जवाब देते हुए कहा, तो फिर बैग पैक करके घर जाएंगे और क्या। पाकिस्तान के खिलाफ मिली हार के बाद कप्तान विराट कोहली के साथ भी ऐसी ही कुछ हुआ था।